शिक्षा -विभाग

तृशूर जिला

अर्धवार्षीक-मूल्यांकन 2011-2012

STD:10 | Time:1.30hrs.
(Cool off Time:15 mints) | Score:40

हिंदी

खंड पढ़ें और निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वह एक धीर, निडर एवं साहसी सैनिक था। अपने देश की सेना का नेतृत्व करनेवाला सेनानायक। उन दिनों दुश्मन सेना के साथ उनका युद्ध चल रहा था। दोनों सेनाओं में काफी विनाश हो चुका था। फिर भी सेनानायक निडर होकर अपनी सेना का नेतृत्व कर रहा था। हर दिन युद्ध समाप्त होने के बाद सब अपने-अपने डेरे (tent) में जाया करते थे। सेनानायक का निर्देश था कि कोई उसे तंग न करे क्योंकि शाम को वह भगवान की पूजा करेगा। रात को सैनिकों ने देखा कि सेनानायक कहीं जा रहा है। सैनिकों ने चुपचाप उनका पीछा किया। उन्होंने देखा कि सेनानायक युद्ध के मैदान में घायल पड़े सैनिकों की सेवा कर रहा है, घावों में पट्टी बाँध रहा है और दवा लगा रहा है। आश्चर्य की बात यह थी कि उनमें शत्रु पक्ष के घायल सैनिक भी थे। सैनिकों के पूछने पर सेनानायक ने कहा कि घायलों की सेवा करते समय शत्रु और मित्र का भेद-भाव न दिखाएँ। इनकी सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है।

(निडर-निर्भय; घायल-wounded;മുറിവേറ്റ)

1 सेनानायक के लिए पूजा का मतलब क्या था? *स्कोर : 1*

2 सेनानायक की चरित्रगत विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

स्कोर : 3

3 सेनानायक और सैनिकों के बीच के संभावित वार्तालाप लिखें।

स्कोर : 4

4 सेनानायक की इस सेवा भावना का उल्लेख करते हुए एक रपट तैयार करें।

मानव सेवा, माधव सेवा

स्कोर : 4

5 मातृभाषा में अनुवाद करें।

रात को सैनिकों ने देखा कि सेनानायक कहीं जा रहा है। सैनिकों ने चुपचाप उनका पीछा किया। उन्होंने देखा कि सेनानायक युद्ध के मैदान में घायल पड़े सैनिकों की सेवा कर रहा है, घावों में पट्टी बाँध रहा है और दवा लगा रहा है।

स्कोर : 3

6. 'मरी हुई इच्छाओं की तरह मछलियाँ क्यों उतराई हैं'– यहाँ नदी की कोन-सी इच्छा मरी हुई है?

(स्वच्छंद बहने की, कलुषित होने की, बाढ़ बनकर जीवियों का विनाश करने की)

स्कोर : 1

7. 'कुत्ते-बिल्ली गोरा के पेट के नीचे और पैरों के बीच में खेलने लगे' – यहाँ जीव-जंतुओं की किस भावना की ओर इशारा है?

(विद्वेष, भाईचारा, ममता) *स्कोर : 1*

8. हाथी गाँव के खेत और घर बरबाद कर डाला। क्यों?

(मनुष्य उनका दुश्मन था, मनुष्य ने उनका घर उजाड़ दिया, मनुष्य ने उन्हें चुनौती दी)

स्कोर : 1

9. उचित योजकों का प्रयोग करके खंड का पुनर्लेखन करें।

(ताकि, इसलिए, कि, और, क्योंकि)

मैं दो दिन से स्कूल नहीं जा सका .... मुझे बुखार थी। परसों परीक्षाएँ शुरू होंगी, ... कल ज़रूर जाना पड़ेगा। मेरे दोस्त ने कहा .... जो परीक्षा नहीं लिखेगा उनके नाम लिख लिए जाएँगे। मैं कल ही मेडिकल प्रमाणपत्र पेश करूँगा .... बाद में परेशानी न हो।

स्कोर : 2

नाक रगड़ना	-	बेइज्जत करना
नाक ऊँची होना	-	नाराज़ होना
नाक चढ़ाना	-	बिनती करना
नाक काटना	-	यशस्वी होना

स्कोर : 2

11. "रोगियों को बचाने का काम न डॉक्टर का है, न दवाओं का, वह प्रभु का है।"

यह किसका कथन है?

स्कोर : 1

12. मैगसैसे पुरस्कार विजेता डॉ. वी.शांता जी को बधाई देते हुए पत्र लिखें

स्कोर : 4

13. अंग्रेज़ी शब्दों के स्थान पर हिंदी पारिभाषिक शब्द जोड़कर खंड का पुनर्लेखन करें।

गोपाल अपने बच्चे का Vaccination कराने Hospital पहुँचा। नर्स ने कहा पहले Temparature देखें। बाद में Laborotary जाकर खून की जाँच कराकर आएँ।

स्कोर : 2

14. कविता का यह अंश पढ़ें।

"गंदगी में लिपटे बच्चे को गोद में उठाकर चुप कराने की हिम्मत किसी में नहीं थी।"

अगर आप भी उस जगह होते तो क्या करते ?

स्कोर : 2

15. 'आदमी का बच्चा' नामक कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- डौली को घर में अकेलापन महसूस होती है।
- माली के बच्चे की मृत्यु से डौली दुखी होती है।
- डौली को माली के बच्चों के साथ खेलने से मना करती है।
- मैनेजर साहब के बच्चों के साथ डौली को खेलने भेजती है।
- डौली पिल्लों के साथ खेलना पसंद करती है।
- पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा देते हैं।

स्कोर : 3

16. निम्नांकित जीवन वृत्त पढ़ें और शकुंतला की जीवनी तैयार करें।

नाम	-	शकुंतला (सकुबाई)
पिता	-	तुकाराम जामड़े
माँ	-	लक्ष्मी
भाई-बहन	-	नितिन, वासंती
मातृभाषा	-	मराठी
पेशा	-	नौकरानी
शैक्षिक स्थिति	-	अनपढ़
परिवार	-	एक बेटी

स्कोर : 4

17. संशोधन करें।

माली का नए बच्चे के रोने के आवाज़ आधी रात की, दुपहर में आने लगती। मिसेस बग्गा में यह बहुत बुरा लगता। स्कोर : 2